आरोप

पीड़ित पक्ष ने कुठला के तत्कालीन थाना प्रभारी और नगर पुलिस अधीक्षक पर लगाए आरोप, परिवाद दर्ज, मचा हड़कंप

# रिश्वत के लिए लाखों में बिकवाई करोड़ों की जमीन




**नवभारत, कटनी।** जिले के कुठला थाना अंतर्गत कन्हवारा गांव में हुई छग्गू कोल हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपियों से जुड़ा एक चौंकाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। मामले में जिला जेल में बंद आरोपी रमेश लोधी, उसके पुत्र आकाश लोधी और दामाद सतीश लोधी की ओर से उनके अधिवक्ता अवनीश तिवारी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनीषा जैन की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया है। परिवाद में सीएसपी कटनी और कुठला थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की न्यायिक जांच की मांग की गई है। परिवाद और प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार, ग्राम कन्हवारा स्थित खसरा नंबर 2618/1 (रकबा 2.15 हेक्टेयर) की शासकीय गाइडलाइन वैल्यू 82.86 लाख रुपये है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 1.07 करोड़ रुपये बताया गया है।आरोप है कि सीएसपी और कुठला थाना प्रभारी की शह पर इस बेशकीमती जमीन की रजिस्ट्री 15 अप्रैल 2026 को महज 18.20 लाख रुपये में मारूफ अहमद हनफी के नाम करा दी गई। इस सौदे में भी विक्रेता रमेश लोधी को सिर्फ 15 लाख रुपये का चेक मिला, जबकि बाकी रकम देने का वादा किया गया जो बाद में नहीं दिया गया। आवेदक रमेश लोधी का आरोप है कि उसके पुत्र आकाश लोधी को 3 अप्रैल 2026 को पुलिस ने हत्या के केस में गिरफ्तार किया था। आरोप के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने उसके बेटे को मामले से बाहर निकालने और छोड़ने के एवज में 15 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। आरोप है कि दबाव बनाकर और झूठे वादे करके रमेश लोधी से मारूफ अहमद हनफी (जिसे सीएसपी का एजेंट बताया गया है) के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवा ली गई। लेकिन बेटे को रिहा करने के बजाय 17 मई 2026 को रमेश लोधी और उसके दामाद सतीश लोधी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जब रमेश लोधी को न तो बकाया पैसा मिला और न ही उसका बेटा छूटा, तो उसने पटवारी के पास आपत्ति दर्ज कराई और 18 मई 2026 को सीएम हेल्पलाइन (शिकायत क्र. 38397487) में शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि इसके बाद पुलिस ने अवैध हिरासत में रखकर मारपीट की और जबरन जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा जैन (तिवारी) ने प्रकरण को अपंजीकृत पंजी में दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही अदालत ने संबंधित थाने से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच प्रतिवेदन तलब की है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 सितंबर 2026 की तिथि तय की है। अधिवक्ता अवनीश तिवारी ने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, डीजीपी और उच्च न्यायालय को ईमेल भेजकर उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कमेटी गठित करने, कॉल डिटेल ट्रेस करने, संबंधितों के नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने और विवादित जमीन पर यथास्थिति बनाए रखने की मांग की है। गौरतलब है कि नगर पुलिस अधीक्षक लगातार आरोपों के घेरे में है। अभी एक दिन पहले ही सीएसपी और उनके चालक पर रूपए मांगने का आरोप लगाया गया था। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक चालक को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच एएसपी को सौंपी है। हालांकि बाद में इस मामले में शिकायतकर्ता ने शिकायत आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं करने की मांग करते हुए एक अन्य आवेदन भी दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## महेन्द्र गोयनका को नहीं दी बेल, पुलिस को मिली रिमांड

कंपनी हड़पने के साथ वित्तीय अभिलेख, लेन-देन की होगी जांच

**नवभारत, कटनी।** कोलकत्ता पुलिस ने कटनी निवासी विधायक संजय पाठक की पारिवारिक कंपनियों से 1000 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में रायपुर निवासी षड्यंत्रकारी महेन्द्र गोयनका को दस दिनों की रिमांड पूरी होने पर आज कोलकत्ता कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस और पुलिस द्वारा अब तक की गई जांच से संतुष्ट होकर, पुलिस द्वारा प्रकरण से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच के लिए मुख्य आरोपी महेंद्र गोयनका को की रिमांड की मांग की। जिस पर कोर्ट ने महेंद्र गोयनका को दोबारा चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा दिया है। पुलिस रिमांड मिलने के बाद कंपनियों को हड़पने, करोड़ों रुपए के वित्तीय लेन-देन में कथित अनियमितताओं, धोखाधड़ी, और कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कंपनी पर अवैध कब्जा करने के आरोपों की जांच अब और तेज होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी को अब तक की पूछताछ और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं। पुलिस का मानना है कि कंपनी के स्वामित्व, वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजों में कथित हेरफेर से जुड़े तथ्यों की पुष्टि के लिए आरोपियों से आगे भी पूछताछ आवश्यक है। जांच के दायरे में कंपनी के वित्तीय अभिलेख, बैंकिंग लेन-देन, संपत्ति संबंधी दस्तावेज तथा कथित रूप से तैयार किए गए कूटरचित दस्तावेज शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच के लिए सभी संबंधित पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

### एक नजर में

## श्रीसैलवारा धाम में होगा गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

**नवभारत, उमरियापान।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रीसैलवारा धाम में बुधवार को श्रद्धा, भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर परमहंसी अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी श्री प्रकाशवन अवधूत जी महाराज के प्रभु प्रेमियों एवं गुरु भक्तों द्वारा विख्यात संत परम पूज्य श्री आकाशवन कैलाशानन्द जी महाराज का पूजन-अर्चन और आशीर्वचन कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजन के दौरान गुरु पूजन, भजन-कीर्तन, सत्संग, प्रेरणादायी आशीर्वचन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । श्रद्धालु गुरु चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे। प्रभु प्रेमी भक्त जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय सनातन संस्कृति का अत्यंत पावन पर्व है, जो गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण, कृतज्ञता और सेवा भाव व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है । गुरु ही जीवन को ज्ञान, संस्कार और आध्यात्मिक मार्गदर्शन देकर सही दिशा प्रदान करते हैं। श्री सैलवारा धाम में कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्री शैलेश्वर धाम के महंत पूज्य श्री आकाशवन कैलाशानन्द जी महाराज ने श्रद्धालुओं से गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उपस्थित होने के लिए कहा है।

## नाली निर्माण से बेहतर होगी जल निकासी व्यवस्था

वार्ड में बनेगी नाली, महापौर की उपस्थिति में हुआ भूमिपूजन



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्रम में बिरसा मुंडा वार्ड क्रमांक दो में लगभग 21.15 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नन्ही बाई तुलाराम गौंटिया सहित जनप्रतिनिधियों ने वार्ड में स्थित संतोषी माता मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चन के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नाली निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।वही क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नन्हीबाई गौंटिया ने अपने संबोधन में कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा होते देख उन्हें अत्यंत प्रसन्नता है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा बरसात के दौरान होने वाली जलभराव एवं गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्य प्रारंभ होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए महापौर, क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## समस्या समाधान के लिए बार-बार नहीं लगाने पड़े कार्यालयों के चक्कर

कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या, निराकरण के निर्देश



**नवभारत, कटनी।** जिले के आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 190 की समस्याएं पूरी गंभीरता, धैर्य और संवेदनशीलता से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, भूमि आवंटन, अतिक्रमण हटाने, नक्शा सुधार एवं अन्य प्रकरण प्रमुख रहे। वहीं शिक्षा विभाग से हाईस्कूल बड़ागांव में प्रवेश न मिलने शिकायत प्राप्त हुई। इसी प्रकार महिला और बाल विकास से लाड़ली बहना योजना की राशि दिलाने, विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर बदलने सम्बंधित, पेंशन विभाग से 100 फीसदी पेंशन व ग्रेजुयटी का भुगतान न किए जाने के संबंध में व वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किए जाने सम्बंधित और पीएम आवास योजना की नई सूची में नाम जुड़वाने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक जनहित के मामलों पर भी आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए और निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशे से सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, बल्कि परिवार और भविष्य भी प्रभावित होता है

विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता और जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशे के दुष्प्रभावों से की जानकारी दी गई। स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण संदेश दिए गए।

उपस्थित नागरिकों से दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनन, नशे में वाहन नहीं चलाने की अपील की गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश पयासी, अधिवक्ता राजकुमार पयासी, जयकिशोर शुक्ला, जय प्रकाश शुक्ला, नायब नाजिर, शक्ति संजय सिंह, शिवम उपाध्याय, अवघेश असाटी सहित अन्य की उपथिति रही।

## पुल नहीं होने से जान जोखिम में डाल कर स्कूल जाने को मजबूर हैं छात्र



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के ग्राम सगवा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्कूली बच्चे बारिश के दौरान उफनते नाले और कीचड़ से भरे रास्ते को पार कर स्कूल जाते नजर आ रहे हैं । इस नजारे ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, विशेषकर सड़क निर्माण की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं । ग्रामीणों का कहना है कि सगवा गांव तक आज भी पक्की सड़क नहीं पहुंची है । हर वर्ष बरसात के मौसम में गांव का संपर्क प्रभावित हो जाता है और स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ता है । वायरल वीडियो में बच्चों का उफनते नाले को पार करना ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या को उजागर करता है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण की मांग कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। बरसात के दिनों में हालात इतने गंभीर हो जाते हैं कि किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए सगवा गांव तक सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए । साथ ही बरसात के दौरान सुरक्षित आवागमन के लिए पुलिया अथवा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन न करना पड़े।

## अचानक बिगड़ी तबियत सफर में थम गईं सासें

**नवभारत, कटनी।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक दर्दनाक घटना के साथ प्रशासनिक संवेदनहीनता का मामला सामने आया है। ट्रेन यात्रा के दौरान एक 41 वर्षीय यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृत यात्री की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 22131 के स्लीपर कोच 6 की बर्थ नंबर 27 में यात्रा कर रहे जितेंद्र अचानक बेहोश हो गए थे। सूचना मिलने के बाद सुबह करीब 10 बजकर 45 मिनट पर ट्रेन से यात्री को नीचे उतारा गया। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

मॉं दुर्गा हॉस्पिटल
HOSPITAL
वीडियो दूरबीन शल्य चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना चीर फाड़ के ऑपरेशन
आयुष्मान भारत योजना एवं मेडीक्लेम के तहत
ऑपरेशन एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।
24 घण्टे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा
विशेषज्ञ चिकित्सक
जनरल सर्जरी
डॉ. एल.एन. खण्डेलवाल MBBS, MS
डॉ. कमल नयन लहरिया MBBS, MS, FIAGES, FHBS, FMAS
जनरल लैप्रोस्कोपी (दूरबीन)
ट्रामा, कैंसर सर्जन एवं एण्डोस्कोपिस्ट
आदर्श कॉलोनी, कटनी (म.प्र.) 483501 07622 405850
मैनेजिंग डायरेक्टर-प्रदीप मालिक (राका) E-mail: : maadurgahospital6@gmail.com

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन हमारी प्रतिबद्धता एवं पहचान है
Reg.No.23101
साईनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग
2026-27 ADMISSION OPEN
समस्त कोर्स में प्रवेश 6 अगस्त से प्रारंभ
ANM, GNM, P.B-B.Sc., M.Sc.में सीधे प्रवेश प्रारंभ हो गये है सभी कोर्स INC से मान्यता प्राप्त है
ANM (2 वर्षीय) | GNM (3 वर्षीय) | B.Sc. नर्सिंग (4 वर्षीय) | M.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | P.B.B.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | D.El.Ed. (2 वर्षीय)
नर्सिंग करियर की ओर एक कदम
उज्जवल भविष्य और सम्मानजनक करियर • कुशल एवं अनुभवी फैक्ल्टी • आधुनिक लैब और हॉस्पिटल ट्रेनिंग • छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध
राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त SC/ST/OBC/ अल्पसंख्यक उच्च शिक्षा छात्रवृत्तियां
संपर्क करें 8962262200 9752414319 9425325616
श्री हॉस्पिटल, एम. एम. चौबे वार्ड, एन. एच. 7, बरगवां रोड, कटनी (म.प्र.)

किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं किड्स केयर पब्लिक स्कूल CBSE
ADMISSION OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश शुल्क मै 50% डिस्काउंट सिर्फ 30 जून 2026 तक
न्यूनतम 10 माह की फीस
10 Months Economical Fees Structure.
Well-Experienced & Trained Faculty.
Bus Facility Available
From Classes K.G. - I to XII
CONTACT US Phone: 6261958324 WhatsApp: 7897244744 Instagram: kidscaregroupkatni Address: Tilak College Road, Katni
Kids Care Public School, Katni Shahdol Road, Pondi, Katni (M.P.) MO - 7692807777

गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
वेंकटेश कम्प्यूटर सेन्टर
PGDCA | DCA | BA | B.COM | CCA | CPCT | TALLY | PHOTOSHOP | MSW
पता- संत निराकरी भवन के आगे, कैरिन लाईन, कटनी (म.प्र.)
Ph.07622-220024, Mob.99267 49672

गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
नया पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल
Affiliated to- Madhya Pradesh Board of Secondary Education
नर्सरी से 12 वीं
हिन्दी एवं अंग्रेजी स्कूल
All Subject in Class-11 (Maths, BIO, Commerce, Art)
ADMISSION OPEN
10th Topper 93.6% Utsav Barman
12th Topper 91.6% Rakhi Kesharwani
25,000 प्राप्त विद्यार्थी राखी केशरवानी सुरेन्द्र काछी दुर्गेश नंदनी
Lal Bahadur Shastri Ward No.3, Kuthla Katni (MP)
Mob. No. 7987383564, 9993687185

गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
NSIC-WAMATECH
Only for Women
Fashion Designing Stitching Courses Boutique Courses Computer Courses
(Training CUM Incubation Center)
Raghunath Ganj I 7247248844, 07622355684

Excellence in Education, Success in Life
NALANDA SCIENCE & COMMERCE COLLEGE, KATNI
ADMISSION OPEN 2026-27
D.El.Ed. 2 YEARS COURSE 1st ROUND REGISTRATION DATE 29 MAY 2026 to 15 MAY 2026
B.Ed. 2 YEARS COURSE 1st ROUND REGISTRATION DATE 02 MAY 2026 to 30 MAY 2026
COLLEGE ADDRESS Maharana Pratap Ward,Jhinjhari, Katni (M.P.) CONTACT US (COLLEGE) 9752540630, 8770231637, 7879756343, 7400706115
Empowering Future Educators BUILD YOUR CAREER IN TEACHING
CITY OFFICE KATNI Nalanda Higher Secondary School Civil Line, Katni (M.P.) CONTACT US- 9584436048

गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
चरणों में शत-शत नमन...
फर्स्ट स्टेप एकेडमी
Playgroups
Nursery Schools
Montessori Schools
Kindergartens
Pre Schools
बजाज हॉस्पिटल के पीछे संतनगर नई बस्ती कटनी
मो.9826946779, 9827075105 Email : Firststepacademy@gmail.com

गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
All AC CLASS ROOM, 100% SAFE & HYGIENE 24X7 UNDER SURVILIENCE
SUN SHINE ACADEMY KATNI
UNIT OF DELHI PUBLIC SCHOOL KATNI
Let's play, learn and grow together
The Sunshine Academy
MADHAV NAGAR BRANCH
Phone No. 6269012786, 6269011786

NOBLE HEART PUBLIC HIGHER SEC. SCHOOL
Affiliated by Govt. of MD Education Dept. Bhopal (MP)
ENGLISH MEDIUM
NURSERY TO CLASS XII
OUR FACILITES
Smart Classrooms
Experienced Faculty
Regular Test Series
Focus on Overall Development
Discipline & Value Education
ADMISSION OPEN Session 2026-27
Quality Education Bright Future
CLASS X RESULT 2026
Shweta Pandey 98.4% | Abha Guru 97.6% | Shivi Mishra 97.00% | Kajal Kushwah 96.00% | Anshika Gupta 95.6% | Prashant Mabobia 95.2%
Bus Facility Available
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI(MP) 7869484013, 7389678892